दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़,गुरूवार 13 फरवरी 2020 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-02, अंक- 136

महत्वपूर्ण एवं खास

मोदी ने ट्रंप की भारत यात्रा पर प्रसंन्नता जाहिर की

नईदिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमरीका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप की 24 और 25 फरवरी, 2020 को होने वाली आगामी भारत यात्रा पर खुशी जाहिर की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ट्रंप की यात्रा विशेष महत्व की है और इससे दोनों देशों के मित्रतापूर्ण सम्बन्धों को मजबूत बनाने में मदद मिलेगी।

केजरीवाल आज एलजी से करेंगे मुलाकात

नईदिल्ली (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी को दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणाम में स्पष्ट बहुमत मिलने के एक दिन बाद, पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल बुधवार को दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल से मुलाकात करेंगे। सूत्रों ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने पार्टी के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक भी बुलाई है। राष्ट्रपति दिल्ली में उपराज्यपाल की सलाह पर मुख्यमंत्री की नियुक्ति करते हैं। बहुमत वाली पार्टी उपराज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का प्रस्ताव पेश करती है। केजरीवाल की पार्टी आप ने 70 में से 62 सीटें हासिल की हैं।

विदेश मंत्री जयशंकर ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की कैविएट याचिका

नईदिल्ली (आरएनएस)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उच्चतम न्यायालय में बुधवार को एक कैविएट याचिका दाखिल की। जयशंकर ने अपनी याचिका में शीर्ष अदालत से अनुरोध किया है कि अगर गुजरात से उनके राज्यसभा निर्वाचन को चुनौती देने वाली अर्जी दाखिल होती है, तो वह किसी नतीजे पर पहुंचने से पहले उनके पक्ष को भी सुने। पिछले दिनों गुजरात उच्च न्यायालय ने जयशंकर और जुगल ठाकुर के निर्वाचन को चुनौती देने वाली अर्जी खारिज कर दी थी। दरअसल, कांग्रेस की आपत्ति जुलाई 2019 में दोनों सीटों पर अलग-अलग चुनाव कराने के चुनाव आयोग के फैसले को लेकर है। कांग्रेस का दावा है कि दोनों सीट पर एक साथ चुनाव होते तो कांग्रेस को एक सीट मिल सकती थी।

फास्टैग 15 दिनों के लिए निःशुल्क

नईदिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के टोल प्लाजाओं पर डिजिटल शुल्क संग्रह को बढ़ावा देने के लिए 15 से 29 फरवरी के बीच 15 दिनों के लिए फास्टैग के लिए वसूल की जाने वाली सौ रूपए की राशि माफ करने का फैसला किया है। इस दौरान सड़क का इस्तेमाल करने वाले लोग अपने वाहनों के पंजीकरण प्रमाणपत्र के साथ किसी भी नजदीकी बिक्री केन्द्र में जाकर फास्टैग निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। फास्टैग एनएचएआई के सभी प्लाजों, आरटीओ, सामान्य सुविधा केन्द्रों ,परिवहन केन्द्रों और पेट्रोल पंपों आदि से खरीदे जा सकते हैं।

ओआईसीएल, एनआईसीएल और यूआईआईसीएल को दी जाएगी पूंजी

नईदिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सार्वजनिक क्षेत्र की तीन सामान्य बीमा कंपनियों नामतः ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (ओआईसीएल), नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एनआईसीएल) और यूनाईटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (यूआईआईसीएल) को पूँजी मुहैया कराने को स्वीकृति दे दी है। उपर्युक्त के संदर्भ में, सार्वजनिक क्षेत्र की तीन सामान्य बीमा कंपनियों ओआईसीएल, एनआईसीएल और यूआईआईसीएल की जटिल वित्तीय स्थिति और विनियामक सॉल्वेंसी के उल्लंघन के परिप्रेक्ष्य में मंत्रिमंडल ने 2500 करोड़ रूपए की धनराशि शीघ्र जारी करने को भी स्वीकृति दे दी है।

16 फरवरी को केजरीवाल लेंगे सीएम पद की शपथ

नईदिल्ली (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी के चीफ अरविंद केजरीवाल 16 फरवरी को रामलीला मैदान में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। केजरीवाल तीसरी बार दिल्ली के मुख्यमंत्री बनेंगे।

शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन रामलीला मैदान में किया जाएगा। वर्ष 2015 में भी अरविंद केजरीवाल ने रामलीला मैदान में ही सीएम पद की शपथ ली थी। मीडिया रिपोर्ट के दौरान ये जानकारी मिली। दरअसल, दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने साल 2015 की तरह ही जबरदस्त जीत हासिल की है। आम आदमी पार्टी ने इस चुनाव में 62 सीटें अपने नाम की हैं। हालांकि, पिछली बार से 6 सीटें कम है। वहीं बीजेपी को इस चुनाव में 8 सीटें मिली हैं। कांग्रेस का पिछली बार की तरह ही इस बार भी खाता नहीं खुला और उसके करीब 67 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई। अगर वोट फीसदी की बात करें तो आप ने 62 सीटों पर जीत हासिल की और उसकी वोट हिस्सेदारी 53.57 प्रतिशत रही । भाजपा को 38.51 प्रतिशत वोट मिले। कांग्रेस का खाता नहीं खुला और उसकी वोट हिस्सेदारी 4.26 प्रतिशत रही। आप

की प्रचंड जीत के साथ ही नई कैबिनेट को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। नई कैबिनेट में कई नए नाम आने को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। हालांकि, आप की तरफ से इस बाबत कोई बोलने को तैयार नहीं है। आम आदमी पार्टी यानी आप 62 सीट जीतकर फिर सरकार बनाने जा रही है। आप के सभी कैबिनेट मंत्री जीतने में कामयाब रहे। इनमें मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन, गोपाल राय, कैलाश गहलोत, राजेंद्र पाल गौतम शामिल हैं। वहीं, आप संगठन को मजबूत कर रहे नेता भी इस बार जीतकर विधानसभा पहुंचे हैं। इनमें दिलीप पांडेय, आतिशी व राघव चड्ढा समेत कई नेता शामिल हैं। वहीं, ऐसे कई नेता हैं जो तीसरी बार विधायक बने हैं। तीसरी बार विजय मिलने के बाद एक बार फिर आप के राष्ट्रीय विस्तार की चर्चा तेज हो गई है। ऐसे में इस बार कैबिनेट का संतुलन महत्वपूर्ण माना जा रहा हैं, जिसे देखते हुए कयास लगाए जा रहे हैं कि कैबिनेट में नए चेहरों को जगह मिल सकती हैं। आप को मिली प्रचंड जीत के बाद सरकार के दोबारा औपचारिक गठन की तैयारी शुरू कर दी गई है। बुधवार दोपहर में आप के विधायक दल की बैठक होगी, जिसमें अरविंद केजरीवाल विधायक दल के नेता चुने जा सकते हैं। सूत्रों का कहना है कि विधायक दल का नेता चुनने के बाद उपराज्यपाल को सरकार बनाने का प्रस्ताव दिया जाएगा।

सीबीआई रिश्वत मामले में कोर्ट जांच से नाखुश

नईदिल्ली (आरएनएस)। सीबीआई बनाम सीबीआई कथित भ्रष्टाचार मामले में दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की जांच पर नाखुशी जाहिर की है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा, मामले में बड़ी भूमिका वाले अभियुक्त खुले क्यों घूम रहे हैं, जब सीबीआई ने अपने ही पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) को गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट ने कहा, सोमेश्वर के खिलाफ काफी सबूत हैं, लेकिन आपने उन्हें गिरफ्तार नहीं किया है। आपने सबसे कमजोर व्यक्ति मनोज प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया। सीबीआई के आरोप पत्र के कॉलम 12 में सीबीआई के पूर्व निदेशक राजीव अस्थाना और एक अन्य अधिकारी देवेंद्र कुमार का नाम दर्ज किया है, जिनके खिलाफ पर्याप्त सबूत भी नहीं हैं।

नड्डा ने आज बुलाई भाजपा महासचिवों की बैठक

» दिल्ली में हुई हार पर होगी चर्चा

नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2020 में भारतीय जनता पार्टी की करारी हार हुई है। इस हार से भाजपा का शीर्ष नेतृत्व सकते में है। पूरे दमखम और केंद्रीय नेतृत्व की पूरी फौज चुनावी समर में झोंकने के बावजूद भाजपा को महज 8 सीटों पर जीत मिली। पार्टी की करारी हार के बाद अब भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हार की समीक्षा के लिए बुधवार शाम 5 बजे महासचिवों की बैठक बुलाई है। इस बैठक में गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद रहेंगे। भाजपा के दोनों दिग्गज नेता पार्टी की हार की समीक्षा करेंगे। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की बड़ी हार हुई है। लगभग 21 दिनों तक चले आक्रामक प्रचार के बावजूद दिल्ली में पार्टी की नैया डूब गई। भाजपा ने चुनाव के दौरान पार्टी के सभी दिग्गज नेताओं को उतार दिया था। केंद्रीय मंत्री दिल्ली में पद यात्रा कर रहे थे, तो खुद गृह मंत्री अमित शाह ने भी दिल्ली की गलियों में कई रैलियां की फिर भी पार्टी के नेता हार गए। भाजपा ने चुनाव प्रचार के दौरान शाहीन बाग, अनुच्छेद 370, नागरिकता कानून, राम मंदिर जैसे मुद्दों का जिक्र किया लेकिन पार्टी को हार मिली।

चुनाव में हार के बाद भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी हार स्वीकार कर ली है। जेपी नड्डा ने कहा कि भाजपा इस जनादेश को स्वीकारते हुए रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएगी और प्रदेश के विकास से जुड़े हर मुद्दे को प्रमुखता से उठाएगी। दिल्ली चुनाव प्रचार के दौरन शाहीनबाग का मुद्दा भी छाया रहा।

बॉम्बे उच्च न्यायालय ने रोहित पवार को भेजा समन

औरंगाबाद (आरएनएस)। बॉम्बे उच्च न्यायालय की औरंगाबाद पीठ ने कर्जत-जामखेड से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नवनिर्वाचित विधायक एवं पार्टी सुप्रीमो शरद पवार के पोते रोहित पवार को चुनाव में भ्रष्टाचार के मामले में समन भेजा है।

न्यायाधीश एस एम गवाने ने मंगलवार को भाजपा नेता राम शिन्दे और निर्दलीय उम्मीदवार रोहित राजेंद्र पवार की याचिका पर सुनवाई की। याचिकाकर्ताओं ने रोहित पवार को अयोग्य ठहराए जाने की मांग की है।

याचिका में कहा गया है कि पवार ने चुनाव के दौरान आपत्तिजनक बयान दिये थे और चुनावी खर्च से संबंधित वास्तविक जानकारी को छिपाया था। याचिका में कहा गया है कि पवार बारामती आगरा कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) भी हैं और उन्होंने अपने कर्मचारियों को सेवामुक्त कर उन्हें विधानसभा चुनाव के दौरान चुनाव प्रचार में लगाया था। यह भी दावा किया गया है कि पवार के पक्ष में वोट डालने के लिये हर एक मतदाता को राकांपा ने एक-एक हजार रुपये दिये थे।

इसके साथ ही शिंदे के खिलाफ सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार संदेश भी भेजे गये थे। अन्य याचिकाकर्ता रोहित राजेंद्र पवार ने आरोप लगाया कि उनका नामांकन जानबूझकर रद्द किया गया जबकि उन्होंने सारी जानकारी बतायी थी। न्यायालय ने विधायक रोहित पवार को नोटिस जारी किया है और इस मामले की अगली सुनवाई 13 मार्च को होगी।

नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने बिम्सटेक का आज उद्घाटन करेंगे शाह

नईदिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्री कल नई दिल्ली में मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के संबंध में बिम्सटेक सहयोगी देशों के सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे

केंद्रीय गृह मंत्री, अमित शाह गुरुवार को नई दिल्ली में नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के संबंध में बिम्सटेक (बहु-क्षेत्रीय तकनीक और आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल) सहयोगी देशों के दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। काठमांडू में 2018 में आयोजित चौथे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता का अनुसरण करते हुए नारकोटिक्स नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। समझा जाता है कि यह मंच सभी सदस्य देशों को मादक पदार्थों की तस्करी से उत्पन्न बढ़ते खतरों और देशों द्वारा अपनाई गई सर्वोत्तम प्रथाओं से सीख लेकर इन खतरों को समाप्त करने के लिए आवश्यक सामूहिक कदमों के बारे में सभी देशों को बातचीत करने का अवसर प्रदान करेगा।

प्रत्येक बिम्सटेक राष्ट्र के प्रतिनिधियों को सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा केन्द्र और राज्य की विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों और अन्य हितधारकों को भी आमंत्रित किया गया है।

मादक पदार्थों के बदलते परिदृश्य में, एशियाई देश ड्रग ट्रैफ़िकिंग और बिम्सटेक से प्रभावित हो रहे हैं, दक्षिण एशियाई और दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के बीच महत्वपूर्ण कड़ी इस वैश्विक खतरे से निपटने के लिए सबसे प्रभावी प्लेटफार्मों में से एक है। बिम्सटेक एक क्षेत्रीय संगठन है, जिसमें बंगाल की खाड़ी के बांग्लादेश, भूटान, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका और थाईलैंड के अलावा कई सदस्य देश शामिल हैं, जो एक क्षेत्रीय क्षेत्रीय एकता का निर्माण करते हैं।

समूचे बिम्सटेक क्षेत्र की साझा समृद्धि और आर्थिक विकास के लिए बंगाल की खाड़ी के जरिए क्षेत्रीय समुद्री कनेक्टिविटी और व्यापार जरूरी है। हालांकि, बिना किसी बाधा के समुद्री पहुंच प्रदान करते समय, समुद्री और तटीय क्षेत्रों में सुरक्षा चुनौतियां एक खतरा हैं।

विदेशी राजदूत आज करेंगे जम्मू-कश्मीर का दौरा

श्रीनगर (आरएनएस)। विदेशी राजदूतों का दूसरा दल बुधवार को जम्मू एवं कश्मीर का दौरा करेगा। इससे एक महीने पहले ही राजदूतों के प्रतिनिधियों के एक दल ने केंद्र शासित प्रदेश का दौरा किया था। ये प्रतिनिधिमंडल यूरोपीय संघ के जर्मनी, फ्रांस, चेक गणराज्य, पोलैंड, बुल्गारिया और हंगरी से हैं और ये बुधवार को श्रीनगर तथा गुरुवार को जम्मू में रहेंगे। सूत्रों ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल को सेना के शीर्ष कमांडर कश्मीर में सुरक्षा स्थिति के बारे में जानकारी देंगे। श्रीनगर और जम्मू प्रवास के दौरान विदेशी प्रतिनिधिमंडल व्यापारिक प्रतिनिधियों और अन्य लोगों से भी मिल सकता है। प्रतिनिधिमंडल जम्मू में उपराज्यपाल जी.सी. मुर्मू से भी मुलाकात करेगा। इस दौरे से कुछ दिन पहले ही जम्मू एवं कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्रियों- उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती पर जन सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) लगाया गया था। प्रतिनिधिमंडल जिस होटल में ठहरेगा, उसके आसपास और पूरे श्रीनगर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

विदेशी राजदूत आज करेंगे जम्मू-कश्मीर का दौरा

श्रीनगर (आरएनएस)। विदेशी राजदूतों का दूसरा दल बुधवार को जम्मू एवं कश्मीर का दौरा करेगा।

इससे एक महीने पहले ही राजदूतों के प्रतिनिधियों के एक दल ने केंद्र शासित प्रदेश का दौरा किया था। ये प्रतिनिधिमंडल यूरोपीय संघ के जर्मनी, फ्रांस, चेक गणराज्य, पोलैंड, बुल्गारिया और हंगरी से हैं और ये बुधवार को श्रीनगर तथा गुरुवार को जम्मू में रहेंगे। सूत्रों ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल को सेना के शीर्ष कमांडर कश्मीर में सुरक्षा स्थिति के बारे में जानकारी देंगे। श्रीनगर और जम्मू प्रवास के दौरान विदेशी प्रतिनिधिमंडल व्यापारिक प्रतिनिधियों और अन्य लोगों से भी मिल सकता है। प्रतिनिधिमंडल जम्मू में उपराज्यपाल जी.सी. मुर्मू से भी मुलाकात करेगा। इस दौरे से कुछ दिन पहले ही जम्मू एवं कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्रियों- उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती पर जन सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) लगाया गया था। प्रतिनिधिमंडल जिस होटल में ठहरेगा, उसके आसपास और पूरे श्रीनगर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

विधानसभा चुनाव हारने के बाद कांग्रेस में मची खलबली

» चाको ने दिया इस्तीफा

नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस पार्टी में जहां एक तरफ बयानबाजियों का दौर शुरू हो गया है, वहीं गुरुवार को पहला इस्तीफा भी आ गया. दिल्ली प्रदेश कांग्रेस प्रभारी पीसी चाको ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है. इससे पहले पीसी चाको ने कांग्रेस पार्टी की हार को लेकर सुबह में पूर्व सीएम दिवंगत शीला दीक्षित को लेकर बयान दिया था. इस बयान पर महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता मिलिंद देवड़ा ने चाको को करारा जवाब दिया. इस बयानबाजी के बाद ही पीसी चाको ने प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के पद से इस्तीफा दिया है। पीसी चाको ने बुधवार की सुबह अपने बयान में दिल्ली में कांग्रेस की स्थिति को लेकर बयान दिया था. पीसी चाको ने कहा था कि 2013 से ही दिल्ली में कांग्रेस की खराब हालत की शुरुआत हो गई थी. आम आदमी पार्टी के उदय के साथ ही कांग्रेस का परंपरागत वोटबैंक उसकी ओर शिफ्ट हो गया, जो आज भी लौटा नहीं है. चाको के इस बयान पर कांग्रेस के ही एक अन्य नेता मिलिंद देवड़ा ने ट्वीट कर जवाब दिया था।

देवड़ा ने अपने ट्वीट में शीला दीक्षित की आलोचना करने को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया था। बता दें कि चुनाव आयोग की ओर से घोषित अंतिम नतीजों के मुताबिक दिल्ली में आप ने 53.57 फीसदी मतों के साथ कुल 62 सीटों पर जीत दर्ज की है. इस चुनाव में बीजेपी को 38.51 प्रतिशत मत और 8 सीटों पर जीत मिली।

आप विधायक नरेश यादव के काफिले पर जानलेवा हमला, कार्यकर्ता की मौत

नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को बड़ी जीत मिली है। इसी बीच महरौली विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के विधायक नरेश यादव के काफिले पर देर रात अज्ञात लोगों ने हमला किया।

इस हमले में आप के एक कार्यकर्ता की गोली लगने से मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हुआ है। उनके काफिले पर अरुणा आसफ अली मार्ग पर हमला किया गया। बताया जा रहा है कि हमला उस वक्त हुआ जब नरेश यादव चुनाव के नतीजे आने के बाद मंदिर से वापस लौट रहे थे। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के

अनुसार इस हमले में आप के कार्यकर्ता अशोक मान की मौत हो गई। इस हमले में एक अन्य कार्यकर्ता घायल हो गया।

नरेश पर गोलियों से हमला उस वक्त हुआ जब वह चुनाव के नतीजे आने के बाद मंदिर से वापस लौट रहे थे। हमले के बाद नरेश यादव ने कहा कि घटना वास्तव में दुर्भाग्यपूर्ण है। मुझे हमले का कारण नहीं पता लेकिन यह अचानक हुआ। करीब चार राउंड फायर किए गए। जिस वाहन में मैं था, उस पर हमला किया गया। मुझे यकीन है कि अगर पुलिस सही तरीके से पड़ताल करती है तो हमलावर की पहचान हो सकेगी। हमले को लेकर आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता संजय सिंह ने दिल्ली पुलिस पर हमला किया है। संजय ने कहा कि महरौली विधायक नरेश यादव के काफिले पर हमला, अशोक मान की सरेआम हत्या, ये है दिल्ली में कानून का राज, मंदिर से दर्शन करके लौट रहे थे नरेश यादव। दिल्ली पुलिस ने भी मौत की पुष्टि की है। पुलिस के मुताबिक दिल्ली के किशनगढ़ फोर्टिस चौक के पास से आम आदमी के विधायक नरेश यादव का काफिला गुजर रहा था। उसी वक्त कुछ हमलावरों ने काफिले में मौजूद दो लोगों पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी।आपको बता दें कि महरौली विधानसभा सीट पर आम आदमी पार्टी (आप) के प्रत्याशी नरेश यादव ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी बीजेपी की कुसुम खत्री को 18161 वोट से हराकर जीत हासिल की है। नरेश यादव को 62417 वोट मिले हैं और उनकी प्रतिद्वंद्वी कुसुम खत्री को 44256 वोट मिले।